भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-99

उत्तर देने की तारीख-29/07/2024

केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पद

***99. डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में विशेषकर महाराष्ट्र में विभिन्न केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के कितने पद रिक्त पड़े हैं;
(ख) क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने के लिए कोई ठोस कदम उठा रही है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके राज्य-वार क्या कारण हैं;
(घ) क्या केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों को भरने के लिए एकल खिड़की पोर्टल शुरू किया गया है; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (ड.) एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

*****

केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पद के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश द्वारा दिनांक 29.07.2024 को लोक सभा में पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या 99 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण:-

(क) से (ङ): शिक्षा मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय विश्वविद्यालय संसद के संबंधित केन्द्रीय अधिनियमों के तहत स्थापित सांविधिक स्वायत्त संगठन हैं और उनके अंतर्गत बनाए गए अधिनियमों/संविधियों/अध्यादेशों/विनियमों के प्रावधानों द्वारा अभिशासित होते हैं। महाराष्ट्र राज्य में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा नाम से एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है। दिनांक 01.04.2024 तक केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 5060 शिक्षकों के पद रिक्त हैं, जिनमें महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र के 15 शिक्षकों के रिक्त पद शामिल हैं

रिक्तियों का होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र और छात्रों की बढ़ी हुई संख्या की वजह से अतिरिक्त आवश्यकताओं के कारण रिक्तियां उत्पन्न होती हैं; पदों को भरने का दायित्व केन्द्रीय विश्वविद्यालयों (सीयू) का है। शिक्षा मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग संस्थाओं की नियमित रूप से निगरानी करते हैं और केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को नियमित रूप से रिक्तियों को भरने के निदेश दिए गए हैं। विशेष भर्ती अभियानों के माध्यम से केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में 6800 से अधिक शिक्षकों के पद भरे गए हैं।

यूजीसी ने सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्तियों/विज्ञापन/नौकरियों की सूची के लिए एक सामान्य मंच प्रदान करने के लिए दिनांक 02.05.2023 को सीयू-चयन नामक एक एकीकृत भर्ती पोर्टल लॉन्च किया है।

*****